# अवैध पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में अज्ञात कारणों से आग लगी

## 14 अक्टूबर को टपूकड़ा एसडीएम ने इस फैक्टरी को अवैध रूप से पटाखा बनाने के आरोप में सील कर दिया था, बावजूद इसके फैक्टरी में काम जारी था

**अलवर,** (निसं)। भिवाड़ी के पथरेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पटाखा बनाने वाली एक फैक्टरी में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आग में कंपनी में रखे पटाखे और अन्य सामान जलकर राख हो गए। बताया जा रहा है कि आग लगने के समय फेक्टरी में तीन मजदूर काम कर रहे थे, जो आग लगती देख तुरंत बाहर निकल गए। सूचना मिलने पर रीको और नगर परिषद की दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब 3 घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान फैक्टरी के अंदर से पटाखों के फूटने की आवाजें लगातार आती रही।

गौरतलब है कि 14 अक्टूबर को टपूकड़ा एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर ने इस फेक्टरी को अवैध रूप से पटाखा बनाने के आरोप में सील कर दिया था। बावजूद इसके, कंपनी में काम जारी था। अब पुलिस प्रशासन ने इस मामले की जांच करने की बात कही है। चोपानकी थाना अधिकारी कमलेश मीणा ने बताया कि 14 अक्टूबर को टपूकड़ा एसडीएम लाखन सिंह के आदेश पर इस कंपनी को सील किया गया था। कंपनी के मालिक को पटाखे बनाने का लाइसेंस जमा कराने के लिए कहा गया था, लेकिन अभी तक उसने लाइसेंस जमा नहीं किया है। आज सुबह आग की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। अगर मालिक लाइसेंस पेश नहीं करता है, तो एसडीएम के आदेश पर मामला दर्ज किया जाएगा और नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने लाइसेंस जमा कराने के लिए 7 दिन का समय दिया था, जो 21 अक्टूबर को पूरा हो रहा है। अब इस बात की जांच की जाएगी कि कंपनी में आग जानबूझकर लगाई गई है या यह दुर्घटनावश लगी है।

- **बताया जा रहा है कि आग लगने के समय तीन मजदूर काम कर रहे थे, जो तुरंत बाहर निकल गए**
- **'कंपनी के मालिक को पटाखे बनाने का लाइसेंस जमा कराने के लिए कहा गया था, लेकिन अभी तक उसने लाइसेंस जमा नहीं किया है'**

नगर परिषद फायर इंचार्ज नरेश कुमार मीणा ने बताया कि पथरेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित तिवारी मैन्युफैक्चरिंग ट्रेडिंग कंपनी में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। इस कंपनी को 14 अक्टूबर को टपूकड़ा एसडीएम द्वारा सील किया गया था। सोमवार को अज्ञात कारणों से कंपनी में आग लग गई, चूंकि कंपनी सील थी, इसलिए अब इसकी जांच की जाएगी कि आग किन कारणों से लगी है।



भिवाड़ी के पथरेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पटाखा बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लग गई।

## युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। टीडी थाना क्षेत्र में कहासुनी होने के दौरान मारपीट करने से युवक की मौत हो गई। इस मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीडित खेमा पुत्र अम्बावा मीणा निवासी हाईलाकुई फला सकारी थाना टिडी ने20 अक्टूबर को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मेरा 19 अक्टूबर को मेरा पुत्र हाजाराम मीणा (30) अपने घर से मेरे घर खाना खाने के लिए नदी के रास्ते आ रहा था। इस दौरान बीच रास्त में भीमा पुत्र कला मीणा निवासी हाईला कुई फला सकारी ने हाजूराम के पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके शरीर पर चौट लगने से घायल हो गया। चिल्लाने पर मैं व साथी जीवतराम पुत्र अम्बावा निवासी हाईला फला सकारी सरू मौके पर पहुंचे। जहां पुत्र हाजाराम को घायलावस्था में मौके से घर लेकर आए जहां रात में उसकी मौत हो गई। इस पर मृतक के शव को परसाद चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इधर इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर सरूपाल के जंगलों से आरोपी भीमा पुत्र कला निवासी हाईला कुई फला सकारी टीडी को डिटेन किया।

# झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की टिकट को लेकर जयपुर में घमासान




मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बड़गुजर के नेतृत्व में झुंझुनूं के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने जयपुर में पीसीसी वॉर रूम के सामने धरना दिया।

- **मुस्लिम न्याय मंच के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने पीसीसी वॉर रूम के सामने धरना दिया**

**झुंझुनूं,** (निसं)। मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बड़गुजर के नेतृत्व में झुंझुनूं से जयपुर आए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने पीसीसी वॉर रूम के सामने धरना दिया और "टिकट नहीं, तो वोट नहीं" के बुलंद नारों से पीसीसी वॉर रूम को गुंजायमान कर दिया।

मुस्लिम न्याय मंच के प्रतिनिधियों ने राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान कांग्रेस सह-प्रभारी चिरंजीव राव सहित वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर अपनी मांग रखी और ज्ञापन दिया। मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बड़गुजर ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से आज तक किसी मुस्लिम व्यक्ति को विधानसभा का टिकट नहीं दिया गया, जबकि मुस्लिम समाज आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस के साथ खड़ा रहा है। अब समय आ गया है कि मुस्लिम समाज के किसी व्यक्ति को भी झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से नेतृत्व करने का मौका मिले। बड़गुर्जर ने कहा कि देश-प्रदेश का मुस्लिम हमेशा कांग्रेस का वफादार रहा है, अब कांग्रेस की बारी है कि वो भी मुस्लिमों के प्रति अपनी वफादारी दिखाएं। बड़गुर्जर ने कांग्रेस पार्टी को कड़े शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि अगर झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के 70 हजार मुस्लिम मतदाताओं की अनदेखी करके कांग्रेस पार्टी किसी और को टिकट देती है तो राजस्थान विधानसभा उप चुनाव की सभी सातों सीटों पर मुस्लिम समाज कांग्रेस पार्टी का विरोध करेगा और सभी प्रत्याशियों को बैरंग लौटाएगा।

उन्होंने कहा कि हम पार्टी के गुलाम नहीं है कि बस वोट देते रहे और अपने हक के लिए खड़े ना हो। मुस्लिम न्याय मंच किसी एक व्यक्ति विशेष की पैरवी नहीं कर रहा है, कांग्रेस पार्टी मुस्लिम समाज की 30 बिरादरी में से किसी भी मुस्लिम को टिकट दे दे, उन्हें मंजूर है, अन्यथा पार्टी परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इमरान बड़गुजर ने बताया कि दशकों से एक ही परिवार झुंझुनूं का राजनीतिक प्रतिनिधि बना हुआ है। चाहे वो संसद हो या विधानसभा। अगर इस तरह से ही चलता रहा तो लोकतंत्र का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। समय और जनता की मांग है की झुंझुनूं में नेतृत्व भी बदले और मुस्लिम समाज को मौका मिले। इसीलिए मुस्लिम न्याय मंच मुखरता के साथ कांग्रेस पार्टी से झुंझुनूं विस. उपचुनाव में टिकट की मांग कर रहा है।

## अवैध मादक पदार्थों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नोखा,** (निसं)। पुलिस और डीएसटी टीम ने देर रात अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नोखा पुलिस थाने के थानाधिकारी हंसराज लूणा ने बताया कि पहली कार्रवाई में नोखा निवासी राममनोहर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 483 ग्राम अवैध अफीम और 17.5 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई। दूसरी कार्रवाई में जांगलू निवासी ओमप्रकाश बिश्नोई के पास से 223.6 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।

इस अभियान में नोखा थाने के एसआई बुधाराम बिश्नोई, एएसआई ओमप्रकाश, कॉस्टेबल सतीश, बलबीर और डीएसटी बीकानेर टीम के एएसआई रामकरण सिंह, हेड कॉस्टेबल कानदान, महावीर और डीआर राजेन्द्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अधेड़ ने फांसी लगाई

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के सुभाष कॉलोनी कोलीपाड़ा में सोमवार को एक व्यक्ति ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि राजेश कुमार महावर (48) पुत्र घासी कोली निवासी सुभाष कॉलोनी कोलीपाड़ा गंगापुर सिटी ने कुंदे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बाद में परिजन उसे गंगापुर सिटी के अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति के सुसाइड करने की सूचना पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व राज्य मंत्री मोहन मेघवाल का निधन

**जोधपुर,** (कासं)। मारवाड़ की राजनीति के पुरोधा पुरूष जनसंघ व भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक व राज्यमंत्री मोहन मेघवाल (भईसा) का सोमवार को निधन हो गया। ग़रीबों, दलितों, शोषितों के मसीहा के तौर पर मोहन मेघवाल का जीवन परम जनसेवा को समर्पित रहा। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मोहन मेघवाल के आकस्मिक निधन पर राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने गहरा दु:ख प्रकट करते हुए बताया कि मोहन मेघवाल के आकस्मिक निधन से भाजपा परिवार को काफी गहरा धक्का लगा है। मोहन मेघवाल ने सक्रिय राजनीति में रहते हुए जनता की सेवा की एवं संगठन के लिए भी काफी कार्य किया जो हमेशा याद रखा जायेगा।



मोहन मेघवाल

ईश्वर इनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें एवं परिजनों को इस व्रजपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## हिरण शिकार मामले में एक गिरफ्तार

**बज्जू,** (निसं)। बज्जू क्षेत्र के सोलंकियों की ढाणी में हिरण शिकार के मामले बज्जू पुलिस और वन विभाग की पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार किया है। देर रात्रि को सोलंकियों की ढाणी में हिरण शिकार की सूचना पर बज्जू पुलिस और कोलायत वन विभाग की पुलिस मौके पर पहुंची।

वन विभाग के रेंजर विक्रम सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने हिरण शिकार की सूचना दी कि सोलंकियों की ढाणी में हिरण का शिकार हुआ है। आरोपी को ग्रामीणों द्वारा कब्जे में लिया हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी सोनाराम (45) पुत्र जालूराम बावरी निवासी सोलंकियों की ढाणी को मौके पर गिरफ्तार किया। इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# रेप व ब्लैकमेलिंग की शिकार पीड़िता ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या की

## आक्रोशित परिजनों व समाजजनों ने एमजी मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं.)। जिले के एक थाना क्षेत्र से रेप व ब्लैकमेलिंग की शिकार 19 साल की एक युवती की कीटनाशक पीने के बाद मौत हो गई। पीड़िता की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों के साथ ही समाजजनों ने एमजी मोर्चरी के बाहर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। कई घंटों की समझाइश के बाद मामला शांत हो पाया।

जानकारी के अनुसार, जिले के एक थाने में एक व्यक्ति ने 16 अक्टूबर को रिपोर्ट दी कि उसकी 19 साल की अविवाहित बेटी को अनिल कुमार पुत्र रामचंद्र धाकड़ एक साल से लगातार ब्लैकमेल करते हुये उठा ले जाने और जबरन विवाह करने के लिए परेशान कर रहा था। करीब छह माह पहले परिवादी को उसकी बेटी ने बताया कि अनिल उसे ब्लैकमेल करता है और फोन कर परेशान भी करता है। उसके साथ अकेले में जबरदस्ती करता है। मना करने पर वह नहीं मानता। इसके चलते परिवादी ने अनिल को उसके घर जाकर उलाहना दी तो आरोपी के पिता रामचंद्र धाकड़ ने अनिल से गलती होने की बात कहते हुए दोबारा नहीं होने का आश्वासन दिया, लेकिन इसके बावजूद भी अनिल अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 10 अक्टूबर की सुबह करीब पांच बजे परिवादी अपने घर के बरामदे में सोया हुआ था। उसकी बेटी कमरे में सो रही थी।

- **कई घंटों की समझाइश के बाद मामला शांत हो पाया, मामला दर्ज**

अचानक उसकी पुत्री के रोने-चिल्लाने और उल्टी करने की आवाज आई तो वह उठकर कमरे में गया, देखा कि उसकी पुत्री उल्टी कर रही है। परिवादी बेटी को एमजी अस्पताल लेकर आया तो रास्ते में बेटी ने उसे बताया कि अनिल धाकड़ लगातार उसे परेशान और ब्लैकमेल कर रहा था, शादी का दबाव बनाते हुए समाज ने बदनाम करने की धमकी दे रहा है। आरोपित अनिल से तंग आकर उसने कीटनाशक दवा पी ली है। इसके बाद वह रास्ते में ही बेहौश हो गई। एमजी अस्पताल में उसे भर्ती करवाया गया। 10 अक्टूबर से लगातार उसकी बेटी बेहौश है। डॉक्टर ने जांच कर परिवादी को बताया कि तुम्हारी बेटी ने कीटनाशक पी लिया है और वह चार माह की गर्भवती भी है।

परिवादी ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी बेटी को अनिल धाकड़ परेशान व ब्लैकमेल कर रहा है। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने रेप, छेड़छाड़ व ब्लैकमेलिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी कि इस बीच, सोमवार को इस पीड़ित युवती ने एमजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बसेड़ी**

क्रमांक-626 दिनांक-16.10.2024

**निविदा सूचना संख्या 03/2024-2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बसेड़ी जिला धौलपुर में कुल 2 नं. पुलिया निर्माण के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित वेबसाईट "www.eproc.dipromlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। NIB NO.- PWD2425A2244, UBN NO. PWD2425WSOB08376, PWD2425WSOB08377

(सागर पाराशर)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड बसेड़ी

DIPR/C/10237/2024



**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल :- npvijaynagar@gmail.com

**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 05/2024-25**

नगर पालिका बिजयनगर द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से सिविल कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रीया से वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 05/2024-2025 के कार्य संख्या 01 से 86 की अनुमानित लागत 1594.99 लाख है। ऑनलाईन निविदाए दिनांक 22-10-2024 2024 से 04-11-2024 समय सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 05-11-2024 निविदा शुल्क, अमानत राशि एंव प्रोसेसिंग शुल्क की डी.डी. भौतिक रूप से समय 12:00 PM तक कार्यालय में जमा कराई जा सकती है। ऑनलाईन निविदा की ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 06-11-2024 समय प्रातः 10:00 बजे खोली जायेगी। अधिक जानकारी वेबसाईट https://sppp.raj.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
UNB Reference No:- DLB2425A3453
राज.संवाद/सी/24/6788 अधिशाषी अधिकारी



**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur.

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| NIB code./Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/EMD | Start of sale/ Last date |
|---|---|---|---|
| RIS2425A0050/ 21.10.2024 (RIS2425SL OB00050) | RFP for hiring of agency for Upgradation (repair/replacement) and procurement of FMS & Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of WS&APS Phase 1 Project in State of Rajasthan for 5 Years based on Open Competitive Bidding through e-Procurement/ e-Tender | Rs.42.24 Cr. | 21.10.2024 13.11.2024 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाइट पर सम्पर्क करें - http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in, and http://eproc.rajasthan.gov.in.
Raj.Samwad/C/24/6830 SA (Jt. Director)



**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक :- यंत्रालय/2024/701-10 दिनांक :- 18/10/2024

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना सं0 -09**

बीकानेर नगर निगम की ओर से रिको इंडस्ट्रियल एरिया (करणी इंडस्ट्रियल एरिया, खारा इंडस्ट्रियल एरिया, बीछवाल इंडस्ट्रियल एरिया एवं रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया) के लिगेसी वेस्ट को हटाने एवं परिवहन कार्य हेतु बैक-हो-लोडर (JCB) एवं डम्पर मय चालक/ऑपरेटर, रखरखाव, POL सहित 02 माह के लिए उपलब्ध करवाने के कार्य हेतु इच्छुक एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्य की अनुमानित लागत :- 67.00 लाख। अतिआवश्यक कार्य होने पर अल्पकालीन ई-निविदा। UBN Number :- DLB2425SLOB10846

आयुक्त,
नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद/सी/24/6808



**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम-जोधपुर**

क्रमांक- 2302 दिनांक-15.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 14/पीएमजीएसवाई/2024-25**
**NIB NO. PWD2425A2210**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जारी वित्तीय प्रोत्साहन राशि सेसडक नवीनीकरण कार्य के निम्नलिखित कार्यों मय पांच साल की मरम्मत के लिए 2 पैकेज हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://pmgsytendersraj.gov.in पर देखा जा सकता है। पैकेजवाईज यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।
**1. PWD2425WSOB08248, 2. PWD2425WSOB08249**
इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://pmgsytendersraj.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

ई-साईन
(एन.सी. शर्मा)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता,
सा.नि.वि संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/10125/2024



राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**
राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर 321001 (राज.)
eemhbharatpur@gmail.com, ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमांक- M&H /2024-25/2017 दिनांक- 10.10.2024

**निविदा सूचना संख्या-09/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/डीग/धौलपुर/करौली में रू. 80.00 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| UBN NO. | |
|---|---|
| NIB CODE: MHS2425A2431 | |
| 1. Construction of IPHL at DH, Distt-Karauli | UBN is: MHS2425WSOB03455 |

(एल.के. अग्रवाल) अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर
DIPR/C/10132/2024



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक-1806-1814 दिनांक-16.10.2024

**संशोधन ई-निविदा सूचना संख्या 07/2024-25**

इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना संख्या 07/2024-25 जो पत्र क्रमांक 1620-1628 दिनांक 04.10.2024 से जारी हुई है। जिसके प्रकाशन बाबत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1629 दिनांक 04.10.2024 द्वारा डी.पी.आर. को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु भिजवाया गया है। जो डीआईपीआर के आदेश क्रमांक DIPR/C/9605/2024 दिनांक 07.10.2024 तथा एसपीपी पोर्टल पर एनआईबी कोड संख्या PWD2425A1998 से प्रकाशित हुई है। जिसकी तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| फार्म मिलने/जमा कराने की तारीख | दिनांक 08.10.2024 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 21.10.2024 को सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 08.10.2024 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 30.10.2024 को सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | दिनांक 22.10.2024 सायं 4.00 बजे | दिनांक 01.11.2024 अपरान्ह 4.00 बजे तक |

नोट-निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

(के.के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम
DIPR/C/10146/2024



राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**
राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर 321001 (राज.)
eemhbharatpur@gmail.com, ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमांक- M&H /2024-25/1184 दिनांक- 04.10.2024

**निविदा सूचना संख्या-07/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/डीग/धौलपुर/करौली में रू. 380.00 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO.
NIB CODE: MHS2425A2321

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Construction of DDC Distt. Deeg | UBN is: MHS2425WSOB03315 |
| 2. | Construction of LMU Badi, Distt-Dholpur | UBN is: MHS2425WSOB03316 |
| 3. | Construction of BCMO office at Saipau, Disst-Dholpur | UBN is: MHS2425WSOB03317 |
| 4 | Construction of PHC Machhariya, Distt-Dholpur | UBN is: MHS2425WSOB03318 |
| 5. | Construction of SHC Bagren, Disst- Bharatpur | UBN is: MHS2425WSOB03320 |
| 6. | Construction of SHC Khankhera, Distt-Bharatpur | UBN is: MHS2425WSOB03321 |
| 7. | Construction of SHC Rahimgarh, Distt-Bharatpur | |

(एल.के. अग्रवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर
DIPR/C/10134/2024



**कार्यालय नगर परिषद् प्रतापगढ़, जिला-प्रतापगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.प.प्र./निर्माण शाखा/2024-25/5445 दिनांक :- 18/10/2024

**ई टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 07/2024-25**

नगर परिषद् प्रतापगढ़ द्वारा नगर परिषद प्रतापगढ़ एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/ संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के सवेंदकों के समकक्ष हो उनसें निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 01 |
| निविदा की कुल लागत | 22.16 लाख |
| निविदा की धरोहर राशि | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत/नगर परिषद् पंजीकृत संवेदक ½ प्रतिशत |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | दिनांक 19.10.2024 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 25.10.2024 सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की दिनांक | दिनांक 19.10.2024 से 25.10.2024 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंकर चैक कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवाने की दिनांक | दिनांक 28.10.2024 प्रातः 10.00 बजे से सायं 01:00 बजे तक |
| ऑनलाईन Technical & Financial Bid निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 28.10.2024 प्रातः 03.00 बजे |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
**UBN No.: DLB2425WSOB10805**

सभापति नगर परिषद प्रतापगढ़ आयुक्त नगर परिषद प्रतापगढ़
राज.संवाद/सी/24/6807



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा**

क्रमांक-1048-62 दिनांक-15.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 03/2024-25**
**NIB CODE PWD2425A2185 and UBN IS: PWD2425WSOB08140, PWD2425WSOB08141, PWD2425WSOB08142, PWD2425WSOB08143**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड राजाखेडा जिला धौलपुर में सडक एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाई "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजाखेडा |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | पैच मरम्मत एवं पुलिया मरम्मत कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | रु. 56.74 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाईन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2. प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-(02) (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 16.09.2024 प्रातः 11.00 बजे दिनांक 24.10.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 16.09.2024 प्रातः 11.00 बजे दिनांक 24.10.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 25.10.2024 सायं 04.00 बजे |

(डी.के. गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा
DIPR/C/10204/2024

## सार-समाचार

### राजस्व अधिकारियों की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने उदयपुर जिले में विचाराधीन राजस्व प्रकरणों की स्थिति जानी एवं तहसीलवार समीक्षा करते हुए बकाया एवं लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिनियम की धारा 251 ए के तहत उपखंड न्यायालयों में विचाराधीन आम रास्तों के प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति भी जानी और कहा कि विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण समय पर हो इस हेतु अधिकारी स्वयं मौका देखें।जिला कलक्टर ने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि बजट घोषणा संबंधित भूमि आवश्यकताओं के संबंध में अतिशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने भटेवर-मावली-चारभुजा राष्ट्रीय राजमार्ग की भू-अवाप्ति की भी प्रगति जानी तथा कहा कि उक्त परियोजना सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री महादेय एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त प्रोजेक्ट की भू- अवाप्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण हो तथा मुआवजे के भुगतान में तेजी आए। इस दौरान उन्होंने भू राजस्व अधिनियम की धारा 136 के लंबित प्रकरण, मोबाइल टावर दूरसंचार लाइन बिछाने के प्रकरण, गैर खातेदारी से खातेदारी देने संबंधित प्रकरण, पत्थरगढ़ी के प्रकरण समेत विभिन्न राजस्व संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### धोखे से जमीन हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पीडित की जमीन हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सवा उर्फ सवलिया पुत्र देवा भील निवासी ढीकली बोरामगरा ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि ढिकली पटवार क्षैत्र में मेरी स्वयं की खातेदारी जमीन है। जिस पर मै काश्तकारी करता आ रहा हूं।14 अक्टूबर को पटवार मण्डल ढीकली से फोन आया कि आपकी जमीन की रजिस्ट्री खेरवाड़ा निवासी देवप्रसाद कलासुआ के नाम होकर नामांतरण खुलवाने की जानकारी दी। इसका एतराज पडताल की तो देवप्रसाद कलासुआ कनक हॉस्पीटल के मालिक अमित ढींग का खातेदार है। आरोपी अमित धींग द्वारा फर्जी एवं डमी खातेदार को लोकर अवैध रूप से देवप्रसाद के नाम जमीन की रजिस्ट्री बडगांव पंजीयन कार्यालय में 27 अगस्त 2024 को कराने तथा मेरे इंडियन बैंक खाते में 25 लाख रूपये जमा कराने की जानकारी सामने आई । आरोपी देवप्रसाद एवं हुक्मीचंद ने मिलभगत मेरे खाते में 20 लाख का चैक डाल कर अनादरित कराने की जानकारी सामनेआईं है।इससे पूर्व अमित धींग द्वारा मेरे पास वाली जमीन पर भी अवैध वफर्जी तरीके से अपने खातेदार देवप्रसाद के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करवाने पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज हो चुका है। छह माह पूर्व मैने प्रतापनगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें मेरे अधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। इस दौरान मेरे पौत्र हुक्मीचंद द्वारा आरोपियों के साथ मिल जमीन बेचने का दबाव डालने पर पंजीयन कार्यालय में भी रिपोर्ट दी थी।

### समान पात्रता परीक्षा (उमावि ) आज से

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से आयोजित समान पात्रता परीक्षा (उच्च माध्यमिक स्तर) मंगलवार से प्रारंभ होगी। उदयपुर में परीक्षा के सुचारू आयोजन को लेकर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन एवं परीक्षा समन्वयक दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि उदयपुर में उक्त परीक्षा 22, 23 व 24 अक्टूबर को प्रतिदिन दो-दो चरणों में होगी। पहली पारी सुबह 9 से 12 बजे तक तथा द्वितीय अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगी। इसके लिए कुल 88 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक चरण में 28 हजार 272 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार 3 दिन के दौरान कुल 6 चरणों में 1 लाख 69 हजार 632 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे।

### नए रेल मार्ग के सर्वेक्षण के निर्देश

**उदयपुर, (कासं)।** राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया की पहल पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे को टिन्टोई से मोडासा तक 20 कि.मी. तक नए रेल मार्ग के सर्वेक्षण के निर्देश दिए हैं। राज्यसभा सांसद श्री गरासिया ने गत दिनों राज्यसभा में टिन्टोई से मोडासा तक नए रेल मार्ग तथा उसे उदयपुर रेल मार्ग से जोडने का मुद्दा उठाया था। साथ ही रेल मंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात कर अति शीघ्र पूरा करने की मांग की थी। हाल ही में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद श्री गरासिया को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि गुजरात राज्य के टिन्टोई से मोडासा तक 20 कि.मी. नये रेलमार्ग से जोड़े जाने की विस्तृत परीक्षण के लिए संबंधित निदेशालय को निर्देश दे दिये गये हैं। सांसद ने बताया कि यह रेल मार्ग उदयपुर से जुड जाने के पश्चात उदयपुर से मुंबई सीधी रेल सेवा प्रारम्भ हो सकेगी।

# पिंक तंबोला के माध्यम से किया स्तन कैंसर के प्रति जागरुक



पिंक तम्बोला में उदयपुर की लगभग 500 विभिन्न ग्रुप्स की महिलाओं ने भाग लिया।

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली हॉस्पिटल ने पिंक अक्टूबर के अवसर पर भव्य और विशाल पिंक तम्बोला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाराज कुवरानी साहिबा निवृत्ति कुमारी जी मेवाड़ थीं। कार्यक्रम का नेतृत्व गीतांजली हॉस्पिटल के सीओओ ऋषि कपूर, डीजीएम मार्केटिंग कल्पेश चन्द रजबार और दीपमाला मेवाड़ा द्वारा किया गया। इसमें उदयपुर की लगभग 500 विभिन्न ग्रुप्स की महिलाओं ने भाग लिया।

■ विद्यार्थियों ने क्रिकेटर की कैंसर की थीम पर प्रस्तुति दी

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि का स्वागत हॉस्पिटल की लीडरशिप टीम द्वारा किया गया। अपने संबोधन में, महाराज कुवरानी जी ने महिलाओं को कैंसर जागरूकता के महत्व पर जोर दिया और बताया कि नियमित रूप से स्तनों का स्वयं परीक्षण करना बेहद आवश्यक है। यह कदम स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता और समय पर इलाज सुनिश्चित कर सकता है।इस अवसर पर सीओओ ऋषि कपूर ने पिंक अक्टूबर के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि भारत में स्तन कैंसर एक प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती है, और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गीतांजली हॉस्पिटल भी इस दिशा में समाज में निरंतर योगदान दे रहा है।कार्यक्रम के दौरान, गीतांजली हॉस्पिटल की वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. रेणु मिश्रा, डॉ. पूजा गांधी, डॉ. सुमन परिहार, डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉ. सुषमा मोगरी, डॉ. भामिनी जाखेटिया, और डॉ. शब्दिका कुलश्रेष्ठ द्वारा एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में स्तन कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ, जिसमें उपस्थित महिलाओं ने भी अपने प्रश्न पूछे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने भी सवाल जवाब किये।

साथ ही, कार्यक्रम में स्तन कैंसर जागरूकता पर नाटक मंचन किया गया, जिसे मेडिकल कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने क्रिकेटर की कैंसर की थीम पर प्रस्तुति दी जिसने सबको भाव विभोर कर दिया और बहुत सराहा।

इसके पश्चात् पिंक तम्बोला का आयोजन हुआ। महिलाओं ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया और पुरस्कार जीते। कार्यक्रम में 4 विजेताओं को प्रथम पुरस्कार में एल.इ.डी टीवी, द्वितीय पुरस्कार में फ्रिज, तृतीय पुरस्कार में वाशिंग मशीन, चतुर्थ पुरस्कार में माइक्रोवेव व साथ ही लगभग 50 इलेक्ट्रॉनिक व पुरस्कार भी वितरित किए गए।महिलाओं ने सेल्फी पॉइंट्स पर तस्वीरें खींचीं और अंत में फिंगरप्रिंट करके मेमोरी वॉल पर कार्यक्रम की यादों को दर्ज किया।

## हड़ताल से चरमराई अस्पतालों की व्यवस्था

**उदयपुर,** 21 अक्टूबर (का.सं.)। उदयपुर में आरएनटी मेडिकल कॉलेज से जुड़े 6 अस्पतालों के सभी रेजीडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इससे हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। आउटडोर में मरीजों की लंबी कतार हैं। सीनियर डॉक्टरों के भरोसे इलाज हैं लेकिन रेजीडेंट के नहीं होने से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।एमबी, जनाना, अंबामाता जिला अस्पताल, हिरणमगरी सेटेलाइट अस्पताल में सोमवार को करीब छोटे.बड़े 70 ऑपरेशन टालने पड़े। आरएनटी के 260 सीनियर डॉक्टरों और 40 सीनियर रेजीडेंट डॉक्टरों ने ओपीडी की व्यवस्थाओं को संभाला। इन अस्पताल के वार्डों में मरीज अब नर्सिंग स्टाफ के भरोसे हैं।जिले में डेंगू,मलेरिया सहित चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। जिले में डेंगू के करीब एक हजार रोगी इस साल अब तक आ चुके हैं। वहीं मलेरिया चिकनगुनिया के रोगी भी रोज पहुंच रहे हैं। ऐसे में इन मरीजों की देखरेख करना सीनियर डॉक्टर्स के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की रेप के बाद निर्मम हत्या करने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर आरएनटी समेत प्रदेशभर के रेजीडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं।

# स्वच्छता को धरातल पर उतरने की आवश्यकता : के.के. गुप्ता

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन एनएसएससी (ठाामीण ) के गैर सरकारी सदस्य और राजस्थान सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज से 10 वर्ष पूर्व आरम्भ किया गये स्वच्छ भारत मिशन अभियान से देश की तस्वीर बदली हैं और दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी अंचल के डूँगरपुर जैसे छोटे से नगर ने भी स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण काम कर देश और विदेश में ज़बर्दस्त ख्याति प्राप्त की हैं।

गुप्ता ने बताया कि देश में स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में गाँधी जयन्ती पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डूँगरपुर के एक आदिवासी परिवार द्वारा अपनी बकरियाँ बैच कर घर में टॉयलेट बनाने का उदाहरण देना डूँगरपुर के लिए गर्व की बात हैं। प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि भारत में चलाया जा रहा स्वच्छता कार्यक्रम विश्व का सबसे बड़ा जन आन्दोलन है जिसके अंतर्गत पिछलें दस वर्षों में 12 करोड़ से अधिक टॉयलेट बने हैं। यह मिशन राष्ट्रिपता महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए करोड़ों लोगों को एक साथ लाया है । प्रधान मंत्री ने स्वच्छ भारत की भावना की और अधिक मज़बूती देने के लिए देश के हर नागरिक को इस मुहिम से जुड़ने की अपील की हैं ।स्वच्छता का अभियान जितना अधिक सफल होगा उतना ही हमारा देश न केवल दुनिया में सबसे अधिक चमकेगा वरन् सुख और समृद्धि की ओर भी अग्रसर होगा।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का भी यह विजन है कि स्वच्छता अभियान का लाभ हर गांव ढाणी क्षेत्र में बसे अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। स्वच्छता का महत्व कितना बड़ा है यह वह व्यक्ति ही समझ सकता है जो पहले गंदगी से भरे दूषित वातावरण में रहता था लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन के कारण उसे न केवल अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई और सुंदरता देखने मिल रही है वरन् गंभीर बीमारियों से भी छुटकारा मिल रहा हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूती प्रदान करने का आव्हान करते हुए उन्होंने लोगों से अपील की कि वे न केवल स्वयं स्वच्छता को अपनाये बल्कि अपने आसपास रहने वाले हर व्यक्ति को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि गंदगी के कारण मलेरिया और डेंगू जैसी जान लेवा बीमारियाँ और अन्य महामारियाँ भी फैलती हैं।गुप्ता ने बताया कि वर्षा ऋतु के बाद में अचानक से लोगों के बीमार पड़ने की संख्या में वृद्धि हो गई है और पूरे राज्य भर के चिकित्सालय रोगियों से भरे हुए हैं। चिकित्सकों द्वारा जांच में यह पाया जा रहा है कि डेंगू और मलेरिया बीमारी की जकड़ में लाखों लोग आ चुके हैं। ऐसी जानलेवा महामारी बीमारियां फैलने का एक प्रमुख कारण गंदगी है और इसलिए हर किसी को स्वच्छता को लेकर गंभीरता से विचार करना होगा।

गुप्ता ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रति वर्ष राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत को 12 लाख रुपए की राशि आवंटित की जाती है। सरकारी आंकड़ों में यह भी बताया गया है कि प्रदेश के 42 हजार 469 गाँवों में से 20 हजार 400 गाँवों को आदर्श गांव घोषित किया गया है परंतु वास्तविकता मैं आदर्श गांव में स्वच्छता को धरातल पर उतरने की आज भी आवश्यकता है। प्रतिवर्ष पर्याप्त बजट आवंटन के पश्चात भी गांव और शहरों मे सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बहुत दयनीय है इसके साथ ही चारों ओर गंदगी कूड़ा कचरा और प्लास्टिक का अंबार लगा हुआ है।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर के विद्यार्थियों ने जयपुर में आयोजित दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हैकथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया। संस्थान निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि हैकथॉन प्रतियोगिता में भारत सरकार व राज्य सरकार तथा विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनीज के प्रॉब्लम्स का हल विद्यार्थी इनोवेशन और तकनीकी माध्यम से प्रदान करते हैं। यह एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता हैं। जिसमें पूरे देष के विद्यार्थी प्रतिभाग करते हैं। छात्रों ने जयपुर में आयोजित 02 राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन में शानदार प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दोनों हैकथॉन में उत्तरी भारत के विभिन्न इन्जिनियरिंग संस्थानों व विश्वविद्यालयों से लगभग 175 से ज्यादा टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला हैकथॉन जेईसीआरसी विवि जयपुर में आयोजित हुआ। जिसमें गिट्स की टेक्ट टाइटन टीम मो. फुरकान, आदित्यराज सिंह, अदिति माहेश्वरी व मोहित जोशी ने एआई आधारित वन्यजीव घुसपेठ प्रणाली बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर पचास हजार रूपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। दुसरा हैकथॉन ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी जयपुर में आयोजित हुआ गिट्स की इको हसलर टीम मनीष साहू, महक राही, दीपेश सोनी व अमृत झा ने खाद्य सुरक्षा डिवाइस बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर पच्चीस हजार रूपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया।

### धन्वंतरि सप्ताह का आगाज आज से

**उदयपुर, (कासं)।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में 22 से 29 अक्टूबर तक आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। औषधालय प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वैद्य शोभालाल औदीच्य ने बताया कि इस सप्ताह के तहत 22 अक्टूबर को आयुर्वेद पर रोगी जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोगों को आयुर्वेद के लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। 23 अक्टूबर को कर्मचारियों के कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन एवं स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद को बढ़ावा देने पर विशेष सत्र का आयोजन, 24 को महिला स्वास्थ्य पर आधारित जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम, 25 को आयुर्वेद में प्रकृति परिक्षण पर आधारित कार्यक्रम, 26 को फतहसागर पर आयुर्वेद जागरूकता प्रदर्शनी, 27 अक्टूबर को तेरापंथ भवन में धन्वंतरि महोत्सव का आयोजन, 28 अक्टूबर को निःशुल्क छात्र स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और वैश्विक जागरूकता के लिए सपोर्ट आयुर्वेद आधारित सेल्फी अभियान भी चलाया जाएगा। 29 अक्टूबर को धन्वंतरि सप्ताह का समापन होगा।

### श्रमिक की मौत

**उदयपुर,(कासं)।** निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करते समय हुए हादसे में घायल श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर को शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में निर्माणाधीन निजी चिकित्सालय में काम करते समय हुए हादसे में आम्बापुरा बांसवाड़ा निवासी राजेश (19)पुत्र लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया था।जहां उसकी मौत हो गई।

### कार चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** सविना थाना पुलिस ने हिरणमगरी सैक्टर 11 निवासी संजय पुत्र शंकरलाल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 18 अक्टूबर को सेक्टर 11 से कार चुरा ले जाने का प्ररकण दर्ज किया।

## पीएचडी की उपाधि

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर ने बाड़मेर निवासी नारायण लाल चौधरी पुत्र चुतरा राम चौधरी को प्राणीशास्त्र विषय में विद्यावाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। वर्तमान में आदर्श महाविद्यालय जोधपुर में सहायक प्रोफेसर (असिस्टेंट प्रोफेसर) के पद पर कार्यरत डॉ. नारायण लाल चौधरी ने 'आबू पर्वत वन्यजीव अभयारण्य सिरोही में विभिन्न ऊँचाइयों पर पक्षियों की विविधता एवं प्रचुरता का अध्ययन" विषय पर शोधकार्य प्राणी शास्त्र विभाग के आचार्य डॉ. नदीम चिश्ती के निर्देशन में सम्पन्न किया। डॉ. चौधरी ने अध्ययन काल के दौरान माउंट आबू वन्यजीव अभयारण में कुल 201 पक्षियों की प्रजातियां का अवलोकन किया।


**आम सूचना**

मैं इस आम सूचना के माध्यम से हर आम एवं खास को सूचित करता हूँ कि मेरे कार्यार्थी श्री हितेश पुत्र उंकारलाल जी सोनी निवासी फौज मौहल्ला, नाथद्वारा, श्री हरीओम सोनी पुत्र शम्भुलाल सोनी मादरेचा केलवा राजसमन्द एवं श्री राजकुंवर सोनी पत्नी विष्णु कुमार सोनी निवासी गोविन्द कोलोनी मनासा नीमच के आधिपत्य एवं स्वामित्व का आवासीय भूखण्ड संख्या 08 नगर नाथद्वारा में स्थान बिच्छू मंगरी से नन्दसमंद जाने वाले मार्ग पर स्थित है, जिसके पड़ौस पूर्व में अन्य कृषि भूमि, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में भूखण्ड संख्या 07 तथा दक्षिण में भूखण्ड संख्या 09 है। उक्त आवासीय भूखण्ड संख्या 08 के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन दिनांक 06-12-2021 को उप पंजीयक नाथद्वारा के कार्यालय में कराया गया था परन्तु किसी कारणवश उक्त लेखबद्ध मूल विक्रय पत्र खो गया है जिसकी खोने की रिपोर्ट पुलिस थाना श्रीनाथजी मन्दिर नाथद्वारा में कराई गई जो उक्त थाने की गुमशुदगी इन्द्राज पुस्तिका के क्रमांक 165 दिनांक 19-09-2024 पर प्रविष्ट की गई है। यदि उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति को मिल जाए तो तत्काल मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर प्रस्तुत करें। पाने वाले को यथायोग्य पारितोषिक दिया जाएगा।

दिनांक - 20/10/2024
स्थान - नाथद्वारा

एडवोकेट
अभिषेक सोनी
चेम्बर नं. 14, न्यायालय परिसर,
नाथद्वारा जिला राजसमन्द
मो. 8561906513


# दो दिवसीय कांफ्रेंस का समापन



आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन समारोह को कुलपति प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

**उदयपुर, (कासं)।** फिजियोथैरेपी केवल अस्वस्थ के लिए ही नहीं वरन स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य लाभ और हेल्दी व्यक्ति के फिटनेस के लिए भी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, उक्त विचार जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डबोक स्थित कॉलेज ऑफ एठाीकल्चर साइंस में फिजियोथैरेपी विभाग द्वारा

"फिजियोथेरेपी की उत्कृष्टता के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना " विषय पर 20- 21 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन पर

■ तकनीकी युग में स्क्रीन फोन डेस्क से अधिकतम जुड़ाव और अनियंत्रित पॉश्चर के चलते फिजियोथैरेपी की आवश्यकता बड़ी है : प्रो सारंगदेवोत

■ कॉन्फ्रेस मे फार्टिस हॉस्पिटल मुलुद मुंबई व अपोलो हास्पिटल, नवी मंबई के बीच हुआ एमओयू

अध्यक्ष, पेसिफिक ठाुप ऑफ यूनिवर्सिटीज और अध्यक्ष शासी बोर्ड यूनेस्को प्रो भगवती प्रसाद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कहे।

उन्होंने कहा कि कई महिलाएं ऐसे उपचार विकल्पों के बारे में नहीं जानती हैं जो दर्द से राहत देने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने महिलाओ के स्वास्थय में फिजियोथैरेपी की भूमिका की जानकारी दी कि फिजियोथैरेपी के माध्यम से महिलाओ के स्वास्थय प्रणाली तथा जीवन शैली को बदला जा सकता है ।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने फिजियोथेरेपी के विभिन्न आसन का वर्णन करते हुए कहा कि आज की दुनिया में, जहाँ अनगिनत घंटे स्क्रीन, फ़ोन और डेस्क पर झुके हुए बिताए जाते हैं, त्रुटिहीन मुद्रा का महत्व पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था। जिस तरह एक इमारत को ऊँचा खड़ा करने के लिए एक मजबूत नींव की आवश्यकता होती है, उसी तरह हमारे शरीर को बेहतर ढंग से काम करने के लिए उचित संरेखण की आवश्यकता होती है। अच्छी मुद्रा के लिए फिजियोथेरेपी अपनाना दर्द को कम करने और समठा स्वास्थ्य को बढ़ाने की कुंजी हो सकती है।

इस अवसर पर अतिथि व सान्निध्य के रूप में कुलप्रमुख भवर लाल गुर्जर ने विद्यापीठ के शुरुआती अनुभव साझा कर कहा कि फिजियोथैरेपी मानव के स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है और विद्यापीठ कुल परिवार की ओर से श्रेष्ठ आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।प्राचार्य डॉ शैलेंद्र मेहता ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ के कुलप्रमुख भंवर लाल गुर्जर, डिएगो कैन्टोर, आस्टियोपैथ डी.ओं. पोस्टरोलॉजी बारी इटली, डॉ. भास्कर रेड्डी, सीनियर स्पेशलिस्ट फिजियोथैरपीष्ट फॉर मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ सऊदी अरबीया, डॉ. एस.एस. सुब्रमण्यम डीन श्री बालाजी कॉलेज आफ फिजियोथैरेपी चेन्नई, डॉ. हार्दिक पटेल, डायरेक्टर आफ फिजियोथैरेपी फोर्टिस हॉस्पिटल मुलुंद मुंबई, अधिठाता स्कूल आफ एग्रीकल्चर साइंस प्रो गजेन्द्र माथुर आदि उपस्थित रहे।

कॉन्फ्रेंस में अभी तक लगभग 600 प्रतिभागियों का पंजीकरण हुआ।कॉन्फ्रेस मे फार्टिस हॉस्पिटल मुलुद मुंबई व अपोलो हास्पिटल, नवी मंबई विभाग के विद्यार्थियों की क्लीनिकल ट्रेनिंग हेतु अकादमिक सहभागिता का समझोता किया गया। कार्यक्रम में सहा आचार्य डॉ. विनोद नायर ने धन्यवाद दिया। जबकि संचालन डॉ प्रज्ञा भट्ट व डॉ. आरुषी टंडन ने किया ।

कार्यक्रम में जयपुर से डॉ कंचन खोलिया, डॉ. रिया गुप्ता, डॉ मधु तवेतिया, डॉ. टीना जी चैहान, गुजरात से डॉ. मेघवी ओझा, डॉ. धवल एन पटेल अहमदाबाद, डॉ. रूषी कज्जर, डॉ. नियति पटेल, डॉ. प्रिशा भगत, गुजरात, डॉ राखी चौधरी कोटा, डॉ. जफर खान, डॉ. सुमिता खाउण्ड, डॉ मानस काति, डॉ. कार्तिक, डॉ. प्रिया दाधीच, डॉ.नवज्योति गुप्ता, डॉ.रोनिता सोनी, डॉ. चिराग पूर्बिया उपस्थित थे।

इससे पूर्व कल दिनांक 20 अक्टूबर को उक्त सेमिनार का उद्घाटन सत्र कालेज ऑफ एठाीकल्चर डबोक में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक रहे और अध्यक्षता राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने की।

विशिष्ठ अतिथि अधिठाता स्कूल आफ एठाीकल्चर साइंस प्रो गजेन्द्र माथुर , डॉ. अजीत सहारण, प्राचार्य नीम्स कॉलेज आफ फिजियोथैरेपी, जयपुर, एलेन टेन फाउंडर डायरेक्टर ए.ओं. लव पिलाटस स्टूडियो मलेशिया, डॉ पुष्पेंद्र यदुवंशी प्राचार्य केरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी कोटा, डॉ जयवन्त नागुलकर प्राचार्य उल्हास पाटील कॉलेज आफ फिजियोथैरेपी जलगॉव महाराष्ट्र आदि ने भी विषय पर अपने विचार साझा किए।

## राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट आज

**उदयपुर,(कासं)।** राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने तथा रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने की मंशा से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर हो रहे राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स समिट को लेकर निवेशकों में अपार उत्साह है। उदयपुर जिले में जिला कलक्टर अरविन्द

■ उदयपुर में आएगा 25 हजार करोड़ का निवेश, 35 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार

पोसवाल के निर्देशन में अब तक निवेश को लेकर राज्य व जिला स्तर पर सवा सौ से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इसमें जिले में तकरीबन 25 हजार करोड़ से अधिक के निवेश और 35 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव हैं। राज्य स्तरीय पर आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट हो रही है। इसी क्रम में उदयपुर में राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट मंगलवार को फतहसागर स्थित होटल रेडिसन ब्लू में सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। इसमें निवेश प्रस्तावों पर एमओयू किए जाएंगे।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में जिले के प्रभारी एवं राजस्व व उपनिवेशन विभाग मंत्री हेमन्त मीणा के मुख्य आतिथ्य तथा जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी व श्रीमती प्रभारी सचिव श्रीमती आनन्दी के विशिष्ट आतिथ्य में होगी। इसमें रजिस्ट्रेशन के पश्चात मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का उद्बोधन होगा। इसके पश्चात उदयपुर में निवेश संभावनाओं पर प्रजेटेंशन तथा राज्य और उदयपुर स्तर पर तैयार चलचित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद एमओयू हस्तांतरण होंगे।

पर्यटन की दृष्टि से झीलों की नगरी विश्व के सर्वाधिक पसंदीदा स्थलों में शामिल हैं। इसके चलते इन्वेस्टर्स भी उदयपुर में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश को लेकर खासी रूचि दिखा रहे हैं। महाप्रबंधक श्री शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर अब तक 11429 करोड़ के 177 तथा राज्य स्तर पर तकरीबन 15 हजार करोड़ के 50 से अधिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इनमें से 60 फीसदी पर्यटन क्षेत्र से ही जुड़े हुए हैं। निवेशकों को प्रोत्साहित करने में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सभी विभागों का विशेष योगदान रहा है। पर्यटन के अलावा उद्योग, रीको, उदयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, राजस्व आदि विभागों से भी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।


**OFFICE OF GP CHOKHALABARA**
**P.S. JHADOL, UDAIPUR**

DIS.NO.GP-CHOK/2024-25/TENDER/14 DATE: 20-10-2024

**E-TENDER -02/2024-25 GP CHOKLABARA**

Gram panchayat Chokhalabara invites applications for procurement of building materials for mgnrega and other scheme. Application can be uploaded on 27-10-2024 till 06:00 PM. Details/information can be seen at sppp.rajasthan.gov.in and eprocurement.rajasthan.gov.in.

UBN NO. : ZUD2425A1132

SARPANCH
GP CHOKHALABARA

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GP CHOKHALABARA

**OFFICE OF GP MO. FALASIYA**
**P.S. JHADOL, UDAIPUR**

DIS.NO.GPDMOFAL/2024-25/TENDER/14 DATE: 20-10-2024

**E-TENDER -02/2024-25 GP MO. FALASIYA**

Gram panchayat Mo. Falasiya invites applications for procurement of building materials for mgnrega and other scheme. Application can be uploaded on 27-10-2024 till 06:00 PM. Details/information can be seen at sppp.rajasthan.gov.in and eprocurement.rajasthan.gov.in.

UBN NO. : ZUD2425A11

SARPANCH
GP MO. FALASIYA

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GP MO. FALASIYA

# नगर पालिका कार्यालय के बाहर पार्षदों ने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया

- टंकी पर चढ़े पार्षद, दो पार्षदों की बिगड़ी हालत, धरना स्थल पर चिकित्सक को बुलाकर उपचार करवाया
- पालिका बोर्ड की बैठक में ना अधिकारी पहुंचे न विधायक


पार्षद पानी की टंकी पर जा चढ़ गये

**कानोड़,** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बीते लंबे समय बाद आहूत की गई बैठक आखिरकार विधायक व प्रशासनिक अधिकारी की गैरमौजूदगी की भेंट चढ़ गई। नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डी देवी मीणा ने सोमवार को दिन में 2 बजे पालिका बोर्ड की बैठक बुलाई थी, भाजपा व कांग्रेस के पार्षद पालिका कार्यालय पहुंचे लेकिन घंटे तक बैठक लेने वाला कोई नहीं था जिससे नाराज होकर पालिका अध्यक्ष गुड्डी देवी मीणा के साथ भाजपा व कांग्रेस के पार्षद नगर पालिका के बाहर जाजम डालकर धरने पर बैठ गए गुस्साए पार्षदों ने पालिका प्रशासन हाय हाय के नारे लगाते हुए पालिका कार्यालय के बाहर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। तहसीलदार पहुंचे और वह भी केवल आश्वासन के साथ तो गुस्सा है पार्षद पानी की टंकी पर जा चढ़ गये।

पुलिस ने आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर टंकी के पास लगी सीढ़ी को हटाया उस समय भी पार्षदों को पुलिस के बीच खींचताना हुई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी पालिका कार्यालय के बाहर पहुंच गया वहीं तहसील प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। पार्षदों ने आरोप लगाया कि जब नगर पालिका में कोई अधिकारी है हि नहीं तो बोर्ड बैठक क्यों बुलाई गई। बताया जा रहा है, की बैठक में विधायक उदयलाल डांगी भी पहुंचने वाले थे लेकिन वह भी नहीं आए जिससे पार्षद नाराज हो गए। पार्षदों ने कहा कि पालिका बोर्ड की बैठक होती तो वह नगर की प्रमुख सड़क की समस्या के समाधान को लेकर कोई निर्णय ले पाते, लेकिन बीते लंबे समय बाद भी बोर्ड बैठक नहीं हो पाई। टूटी सड़कें उड़ती धूल, पेयजल किल्लत सहित छोटी-छोटी समस्याओं के लिए हर रोज वार्डवासी पालिका के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है।

नगर पालिका की स्थिति यह हो चली है कि कोई 10 का उधार देने को तैयार नहीं है, टेंट वाले से लेकर मिठाई, स्टेशनरी के बकाया बिल को लेकर दुकानदार पालिका में उगाई के पहुंच रहा है। नगर पालिका के नाम से कोई उधार सामग्री तक नहीं देता, रोड लाइट बीते लंबे समय से बंद पड़ी है जिन्हें चालू करवाने वाला कोई नहीं है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डी देवी मीणा, वरिष्ठ पार्षद पारस नागोरी, भवानी सिंह चौहान, दीपक शर्मा, लक्ष्मी लाल ओड़, प्रकाश लखारा, दौलतराम भोई, गोपाल खटीक, राजकुमारी कामरिया, नम्रता सोलंकी, लाली बाई मेघवाल, प्रेम कुंवर चोहान, कोमल चौधरी सहित पार्षद मौजूद रहे।

भाजपा की नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डी देवी मीणा के साथ ही भाजपा पार्षद दीपक शर्मा, लक्ष्मीलाल ओड़, दौलतराम भोई आदि भी धरने पर बैठे। भाजपा पार्षदों का कहना था कि सबसे पहले उनके लिए क्षेत्र का विकास हे जिसके बाद पार्टी है, उनके क्षेत्र का विकास नहीं हो रहा है और वह केवल पार्टी की जय जयकार करें ऐसा नहीं हो सकता। कहना था कि आज हालात यह बने हैं,की वार्ड में अंधेरा होने के बावजूद एक बल्ब तक नहीं लगवा पा रहे हैं, तो फिर किस बात के पार्षद , ऐसा पद हमें नहीं चाहिए।

धरने पर बैठे पार्षद दीपक शर्मा, पानी टंकी के पास राजकुमारी कामरिया की अचानक तबियत बिगड़ गई जहां धरना स्थल पर चिकित्सक को बुलाकर उपचार करवाया गया। धरना प्रदर्शन कर रहे पार्षदों से समझाइश करने तहसीलदार रणजीत यादव मौके पर पहुंचे लेकिन केवल आश्वासन से पार्षद नहीं माने और गुस्सा करते हुए पानी की टंकी पर जा चढ़े , पुलिस टंकी के पास पहुंची तब तक भाजपा के तीन पार्षद लक्ष्मी लाल ओड़, दौलत राम भोई व प्रकाश लखारा टंकी पर चढ़ गए इसके बाद पुलिस ने निर्माणाधीन पानी की टंकी से सीढ़ी हटा दी तो सभी पार्षद टंकी के नीचे जाजम डालकर बैठ गए। तहसीलदार रणजीत यादव टंकी के पास भी पहुंचे और पार्षदों को खूब समझने का प्रयास किया लेकिन नहीं माने। इसके बाद थाना अधिकारी मुकेश चंद्र खटीक बी पानी की टंकी के पास पहुंचे और पार्षदों सहित नगर वासियों को समझाइस का प्रयास किया। देर शाम को महिला पुलिस बल को भी मौके पर बुलाया गया और समझाइए इसका प्रयास जारी रहा।

## आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत पर होगी कार्रवाई

**डूंगरपुर,** (निसं)। विधानसभा उप चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप का उपयोग कर आमजन लोकतंत्र के सजग प्रहरी की भूमिका निभा सकते हैं। सी-विजिल के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। इस शिकायत पर 100 मिनट में कार्यवाही होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि अगर चुनाव में कहीं शराब या धन बांटा जाता है, सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन, समाज में वैमनस्यता फैलाने वाला भाषण, संपत्ति विरूपण या कोई फेक या पेड न्यूज दिखाई दे तो सी विजिल एप पर शिकायत कर सकते हैं। सिर्फ एक फोटो, ऑडियो या वीडियो बना कर चुनाव आयोग के सी-विजिल एप पर अपलोड करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत करें, ताकि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल मिल सके।हथियारों का प्रदर्शन, मतदाताओं को प्रलोभन के लिए निःशुल्क उपहारों का वितरण, मतदाताओं को परिवहन साधनों से वोट डालने ले जाना, फेक न्यूज, पेड न्यूज, डराना-धमकाना, सार्वजनिक संपत्ति पर विज्ञापन, धन वितरण, हेट स्पीच, सांप्रदायिक भाषण एवं शराब व नशीले पदार्थ के वितरण सम्बन्धित शिकायत कर सकते हैं। शिकायतकर्ता के चाहने पर नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## सार-समाचार

### जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा



**बांसवाड़ा,** (निसं)। मुख्यालय पर लगातार मेले लगने से आक्रोशित व्यापारियों ने चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए आयोजकों के प्रतीक की होली जलाई वहीं जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। व्यापार संघ के महावीर बोहरा के नेतृत्व में अनेको व्यापारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्री पहुंचे। इन लोगों ने बताया कि लगातार मेले लगने से व्यवसाय ठप्प हो गया है। इन मेलों से होने वाली बिक्री से सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति नहीं होती है वहीं ग्राहक बाजार की बजाय मेलों में खरीददारी करता है जिससे लाखों रुपये खर्च कर व्यवसाय संचालित करने वाला दुकानदार आर्थिक परेशानियों का सामना करने को विवश होता है। इन लोगों ने बताया कि कंइ संस्थान साल में चार-चार पांच-पांच बार मेला लगा रहे हैं जबकि उनका काम समाज को दिशा देना है लेकिन वे अपने मूल काम से हटकर मेला लगा रहे हैं। इन लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इन मेलों को बंद नहीं किया गया तो दीपावली पर न तो बाजार सजाये जायेंगे और व्यापारी काली दिवाली मनाने को विवश होंगे। बाद में इन लोगों ने कलेक्ट्री चौराहे पर नारेबाजी करते हुए होली जलाई। इस अवसर पर सुनील दोसी, शैलेन्द्र वोरा, हरेश लखानी, बुरहानी रतलामी, अजीत कौशिक, श्वेती पनियारी सहित अनेक व्यवसायी मौजूद रहे।

### 6 अवैध नल कनेक्शन काटे

**कपासन,** (निसं)। जलदाय विभाग ने अवैध नल कनेक्शन काटने और बकाया राशि का वसूली अभियान शुरू किया हैं। जिसमें आज सोमवार को 6 अवैध कनेक्शन हटाए गए। बिल की बकाया राशि जमा नहीं करवाने पर भी कनेक्शन काटा जाएगा।कपासन में जलदाय विभाग ने अवैध नल कनेक्शन काटने और बकाया राशि का वसूली अभियान शुरू किया हैं। जिसमें आज सोमवार को 6 अवैध कनेक्शन हटाए गए। बिल की बकाया राशि जमा नहीं करवाने पर भी कनेक्शन काटा जाएगा। एईएन फूलसिंह मीणा ने बताया कि कपासन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध जल संबंध विच्छेद और बकाया वसूली का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत उपभोक्ताओं के जल राजस्व बकाया राशि वसूली और अवैध जल संबंध विच्छेद की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को कस्बे के पुर्बिया मोहल्ला में 6 अवैध नल कनेक्शन के काटे गए है और बकाया वसूली भी की गई। आगामी दिनों में भी अभियान जारी रहेगा और बकाया बिल जमा नहीं कराने पर जल सम्बन्ध विच्छेद की कार्रवाई की जाएगी।

### सांवलिया सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया,** (निसं)। अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर पुजारी ने अध्यक्ष बिट्टा को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। मंदिर मंडल की ओर से मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी ने अध्यक्ष बिट्टा का उपरना ओढ़ाकर भगवान का महा प्रसाद व तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। दर्शन पश्चात एआईएटीएफ अध्यक्ष बिट्टा ने मंदिर गार्डन एवं मंदिर कार्यालय का अवलोकन भी किया।

### पति की लंबी आयु की कामना की



**डूंगरपुर,** (निसं)। सुहागिन महिलाओं का इंतजार रविवार को चंद्र दर्शन के साथ समाप्त हुआ। 16 श्रृंगार से सजी महिलाओं ने करवे को दूध एवं जल से भरकर चंद्र को अर्घ दिया। निराहर एवं निर्जल रही सुहागिनों ने पति की दीर्घायु होने की कामना की। कार्तिक मास की चतुर्थी को पति की आरोग्यता को लेकर लिए जाने वाला करवा चौथ व्रत रविवार को शहर सहित जिले के ग्राम्यांचलों में श्रद्धा के साथ किया गया। डूंगरपुर शहर में रविवार को रात चंद्र दर्शन को लेकर महिलाएं अपने पति एवं परिवार के सदस्यों के साथ पूजा का थाल सजा यहां गेपसागर की पाल पहुंची तथा विभिन्न धार्मिक रस्मों को अदा किया। गेपसागर की पाल पर रात्री में लोगों की रेलमपेल लगी रही। देर रात्रि को कुछ महिलाओं ने देवालयों में जाकर भजन कीर्तन भी किया। चंद्रदर्शन के बाद व्रत करने वाली महिलाओं ने गणेश गौरी की पूजा कर कथा का श्रवण किया। महिलाओं ने चंद्र का पूजन कर छलनी से चंद्रमा की कलाओं को निहारा तथा अपने पतिदेव के हाथों जल ग्रहण किया।

# कार से ढाई लाख की शराब जब्त, एक गिरफ्तार



पुलिस और एफएसटी की टीम ने शराब से भरी एक कार सहित तस्कर को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने कार से शराब के 38 कार्टन बरामद किए

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर कुआ थाना पुलिस और एफएसटी की टीम ने शराब से भरी एक कार को जप्त किया है। कार से करीब ढाई लाख की शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर विशेष निर्देश दिए गये हैं। इसी के तहत डूंगरसारण बॉर्डर पर कुआ थाना पुलिस व एफएसटी की टीम ने नाकेबंदी कर रखी थी।

इस दौरान दरियाटी की ओर से आ रही एक कार को रुकवाया तो कार ड्राइवर ने अपना नाम बाडमेर निवासी जयसिंह बताया। वहीं, पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो कार में भारी मात्रा में शराब भरी हुई थी। ड्राइवर जयसिंह से शराब के परिवहन संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे, जिसके चलते पुलिस ने कार व शराब को जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम में ड्राइवर जयसिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार से शराब के 38 कार्टन बरामद किए हैं। जब्त शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## बीएपी से गठबंधन नहीं करने की मांग

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर पीसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों की टीम डूंगरपुर पहुंची। सीमलवाडा में कांग्रेस पर्यवेक्षकों की टीम के सामने टिकट के दावेदारों ने अपने समर्थको के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं, पर्यवेक्षकों ने दावेदारों व प्रमुख कार्यकर्ताओ से बात की। दावेदारों में से जिसको भी टिकट मिले एकजुट होकर चुनाव जिताने की कसम भी दिलाई। चौरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर अभी तक सिर्फ बीएपी ने अपना उम्मीदवार उतारा है। वहींए भाजपा व कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। कांग्रेस से टिकट को फाइनल करने से पहले पीसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोईए पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासियाए पिपलादा विधायक चेतन पटेल डूंगरपुर जिले के सीमलवाडा पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस से टिकट चाहने वाले दावेदारों ने अपने समर्थकों के साथ पर्यवेक्षकों के समक्ष शक्ति प्रदर्शन किया। पर्यवेक्षकों ने टिकट के दावेदारों के साथ चौरासी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओ से बात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षकों से उपचुनाव में बीएपी से गठबंधन नहीं करने की मांग उठाई जिस पर पर्यवेक्षक सुखराम विश्नोई ने कार्यकर्ताओं की कहा की उनकी भावना को कांग्रेस आलाकमान तक पहुंचाई जाएगी। पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने सभी दावेदारों को कसम भी दिलाई।

# राजसमंद में राइजिंग राजस्थान समिट कल

- जिला कलक्टर असावा ने औद्योगिक संस्थानों और संगठनों के साथ बैठक लेकर की अधिकाधिक निवेश की अपील

**राजसमंद,** (निसं)। राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से राइजिंग राजस्थान समिट के तहत क्रांतिकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण पहल में लघु उद्योग भारती को केंद्रक अभिकरण के रूप में अवसर प्रदान किया गया है। जिले में बुधवार को नाथद्वारा स्थित होटल दी मारुति नंदन ग्रांड में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन होने जा रहा है जहां देश-प्रदेश के निवेशक जुटेंगे।

जिले में निवेश को बढावा देने के लिए जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के मुख्य आतिथ्य में एक प्री-समिट के रूप में समस्त औद्योगिक संस्थाओं, संगठनों आदि की बैठक का आयोजन मार्बल गैंगसा एसोसिएशन सभागार में हुआ। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र महाप्रबंधक भानु प्रतापसिंह और प्रबंधक रीको आरके गुप्ता ने बताया कि बैठक में मार्बल गैंगसा एसोसिएशन, माइनिंग ऑनर्स एसोसिएशन, ग्रेनाइट कटर एसोसिएशन और मिनरल ग्राइंडिंग एसोसिएशन आदि औद्योगिक संगठनों ने भाग लिया। साथ ही लघु उद्योग भारती की विभिन्न इकाइयों जैसे राजसमंद, आमेट, देवगढ, जेतपुरा, मोहि, करेडा, नाथद्वारा और राजसमंद महिला इकाई ने भी इस चर्चा में भागीदारी की। जिला कलक्टर असावा ने राइजिंग राजस्थान समिट के महत्व को रेखांकित करते हुए जिले में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने की अपील की। बैठक में जिले में निवेश की संभावनाओं और आगामी निवेश प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी उपस्थित संगठनों ने औद्योगिक विकास के इस महत्त्वपूर्ण प्रयास में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। असावा ने कहा कि हमें जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत अधिकाधिक निवेश लाना है ताकि यह जिला और अधिक समृद्ध बने, अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने चर्चा के दौरान व्यवसायियों से समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की। सभी ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में निवेश लाने की दिशा में सभी मिलकर सार्थक प्रयास करेंगे। उन्होंने बैठक में बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले में नए निवेश को आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने का सुनहरा अवसर है। असावा ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा और जिले को एक समृद्ध औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों और संगठनों से कार्यक्रम के सफल आयोजन की दिशा में पूरा सहयोग करने का आव्हान किया।

# सतीशचंद्र आचार्य बने राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष

- जिला निर्वाचन संपतसिंह ने जिले की समस्त 11 उप शाखाओं के आय - व्यय के ऑडिट की जानकारी ली


राजस्थान शिक्षक संघ ( राष्ट्रीय ) राजसमंद के चुनाव के बाद मौजूद नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य।

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) राजसमंद के वार्षिक जिला निर्वाचन शहर के श्रीबालकृष्ण विद्या भवन राउमावि में हुए।

जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण ने बताया कि तय निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम जिले की समस्त उप शाखाओं में चयनित जिला महासमिति सदस्यों के रूप में मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई। उसके बाद उन्हीं मतदाताओं में से ही जिला शाखा के विभिन्न पदों पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। संगठन के विभिन्न पदों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चुनाव हुए। जिनमें राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला राजसमंद के अध्यक्ष के पद पर सतीशचंद्र आचार्य का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन के इसी क्रम में सभाध्यक्ष ऋषिकेश गुर्जर, उपसभाध्यक्ष दिनेश चंद्र पालीवाल तथा रामचंद्र सेन, उपाध्यक्ष (पुरुष) केसरसिंह राठौड, उपाध्यक्ष (प्रारंभिक) जगदीश चंद्र बागोरा, मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त जिला मंत्री विक्रमसिंह, महिला मंत्री वीणा वैष्णव, कोषाध्यक्ष के पद पर उदयलाल पालीवाल निर्वाचित किए गए। इसी प्रकार मतदान प्रक्रिया के द्वारा ही शिक्षक संघ के जिला शाखा सदस्यों के रूप में अध्यापक सदस्य कालूसिंह, पंचायत समिति शिक्षक सदस्य विष्णु विश्नोई, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य लक्ष्मी नारायण पालीवाल, नारायणी कुमावत महिला शिक्षक सदस्य, किशनलाल गुर्जर को प्रबोधक सदस्य निर्वाचन किया गया। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम सिंह गहलोत, उपाध्यक्ष महिला मधु पालीवाल नांदोली, उपाध्यक्ष (माध्यमिक) राजेशसिंह राठौड, सचिव (माध्यमिक) पाबूराम देवासी, सचिव (प्राथमिक) विनोद आचार्य, सचिव (महिला) शांता कुमारी सालवी, राजेश गुर्जर शारीरिक शिक्षक सदस्य, सेवानिवृत्त शिक्षक सदस्य किशनसिंह चुंडावत का निर्विरोध निर्वाचन किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी संपतसिंह ने जिले की समस्त 11 उप शाखाओं के आय - व्यय के ऑडिट की जानकारी ली। चुनाव से पूर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी ने जयदेव पाठक की जन्म शताब्दी वर्ष पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विचार और उनके जीवन परिचय में उनके सादगी पूर्ण जीवन से प्रेरणा प्राप्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला संयोजक शंकरलाल माली ने भी जिले की समस्त 11 उप शाखाओं को आगामी एक वर्ष की कार्य योजना को निर्मित कर जिला केंद्र पर भेजने का आग्रह किया।

## 'शिक्षक समाज व राष्ट्र का निर्माता'

**कपासन,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का जिला सम्मेलन रविवार को कपासन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकर सांसद अमराराम थे। जिन्होंने कहा सरकार शिक्षकों के लिए स्थाई स्थानांतरण नीति बनाए और जरूरत मंद शिक्षकों का स्थानांतरण करे। सांसद ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माता है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग ने गैर शैक्षिणक कार्यों को लेकर कहा कि शिक्षक को कक्षा कक्ष से दूर कर शिक्षा का निजीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत खराड़ी ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर एकता के साथ संघर्ष जारी रखने की आवश्यकता है। सम्मेलन की अध्यक्षता सुमेर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन अजय शर्मा और शंकर लाल पिलानिया ने किया। इस अवसर पर 21 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क, जिलामंत्री सुरेश कुमार, सभाध्यक्ष सुमेर सिंह, उप सभाध्यक्ष पूजा बिजारनिया, उपाध्यक्ष शंकर लाल वर्मा, अरुण कुमार, अपर्णा सिंह, सुनील यादव, संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी, संगठन प्रचार मंत्री सुनील भंवरिया, जिला संघर्ष समिति संयोजक प्रदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष विकास जांगिड, संगठन मंत्री योगेंद्र सोनी, सदस्य पुष्पा भील, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, राम चौधरी, विजय जांगिड़ निर्वाचित हुए। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ के विभिन्न ब्लॉक से कई शिक्षक सम्मेलन में शामिल हुए।

# पुलिस शहीद दिवस पर किया रक्तदान व पौधारोपण


पुलिस शहीद दिवस पर शहीद स्मारक पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन में आयोजित समारोह के दौरान पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला व पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

संचित निरीक्षक बुद्धाराम पुनि के नेतृत्व में पुलिस एवं एमबीसी की सम्मान गार्ड ने शहीदो को शस्त्र व शीश झुका कर शाके सलामी दी गई एवं उनके सम्मान में दो-दो राउंड फायर किये गये। पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारीध्कर्मचारियों ने शहीदो की स्मृति में पौधारोपण किया। जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव व पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के साथ थानाधिकारी, पुलिस व महिला पुलिस कर्मियो ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक के अलावा जिले के समस्त वृताधिकारी एवं थानाधिकारी तथा सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। 1959 में लद्याख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सेना द्वारा किए गए हमले में सीआरपीएफ जवानो ने मातृभुमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये तब से हर वर्ष 21 अक्टुबर को यह दिन शहीद पुलिस कर्मियो को समर्पित करते हुए पुलिस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। पुलिस अधीक्षक हर्ष वर्धन अग्रवाला द्वारा इस वर्ष सितंबर माह में 66वींऑल इंडिया पुलिस पार्टी के सदस्य के रूप में हॉट स्प्रिंग्स लद्याख में शहीद स्मारक पर शहीदो को पुष्पचक्र अर्पित किये।

